पीडीआईएल में 71 वां गणतंत्र दिवस समारोह

प्रोजेक्टस एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (पीडीआईएल), मिनी रत्न श्रेणी- । उर्वरक विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन भारत सरकार के उपक्रम के नोएडा स्थित निगमित कार्यालय में 26 जनवरी 2020 को राष्ट्र का 71 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का आरंभ श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा (भा.प्र.से.) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुआ।

इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अपने सम्बोधन में राष्ट्र के शहीदों एवं संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पीडीआईएल के कार्मिकों एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं दी। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में पीडीआईएल ने 30.36 करोड़ रूपये का उच्चतम कर उपरांत लाभ तथा भारत सरकार को 11.80 करोड़ रूपये का अब तक का सर्वाधिक लाभांश दिया है । उन्होने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पीडीआईएल के कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 में पीडीआईएल ने अभी तक 46.24 करोड़ रूपये के कार्यादेश हासिल कर लिए हैं तथा तालचर फर्टिलाइजर प्रोजेक्ट के लिए कार्यादेश जल्द ही मिलने की उम्मीद है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में पीडीआईएल और अधिक लाभ कमाने की ओर अग्रसर है एवं वित्त वर्ष 2018-19 के समझोता ज्ञापन लिए "बहुत अच्छा" मानक अंक प्राप्त होने की संम्भावना है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने आगे बताया कि कार्मिकों के हितों के लिए पीडीआईएल में 15 दिनों के पितृत्व अवकाश एवं विशेष अवसर अवकाश नीति को लागू कर दिया गया है । वेतन पुनरीक्षण की दिशा में भी कार्य हो रहा है । कार्मिकों के कार्यालयीन जीवन में संतुलन हेतु कुछ आंतरिक खेलों के लिए भी प्रबंध किया जा रहा है ।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कर्मचारियों से व्यवसायिक मूल्यों को सुद्र्ढ करने, रचनात्मक कार्यों एवं टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान किया तथा उत्कृष्टता के साथ समयबद्ध तरीके और शून्य त्रुटि से परियोजनाओं को निष्पादित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें पीडीआईएल के कर्मचारियों तथा उनके बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य, गीत, कविता पाठ आदि प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में पीडीआईएल के वरिष्ठ अधिकारियों ,पूर्व सीएमडी/वरिष्ठ अधिकारियों,कर्मचारियों और उनके परिवारों ने भाग लिया।

पीडीआईएल के वडोदरा कार्यालय ने भी उत्साह और उमंग के साथ गणतंत्र दिवस मनाया ।